महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकःएफ.( )सा0प्र0 / मदसविवि / 2019 / 17311-610 दिनांकः 9/11/19

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय,
(म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर)
अजमेर।

विषयः– विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालयों का झण्डा मय पोल जिसमें महाविद्यालय का नाम व लॉगो (LOGO) अंकित हो व्यक्तिशः विश्वविद्यालय भिजवाने एवं महाविद्यालय के प्रतिनिधि की नवम् दीक्षान्त समारोह में उपस्थिति बाबत।
संदर्भः– पूर्व प्रेषित पत्र क्रमांक 51439–739 दिनांक 06.11.2019 की निरन्तरता में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र की निरन्तरता में सूचित कर लेख है कि विश्वविद्यालय का नवम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 03 दिसम्बर, 2019 को आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के झण्डे **मय 10 फुट लम्बा पोल (बाँस का) जिसका नैफा 3.5" व उसका ऊपरी सिरा बन्द हो (सिला हुआ हो)** के अतिरिक्त झण्डा 5' X 2.5' के साईज में जिसमें महाविद्यालय का नाम एवं लॉगो (चिन्ह्) अंकित हो विश्वविद्यालय परिसर में लगाये जाने हेतु दिनांक 27.11.2019 तक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय पहुँचाना सुनिश्चित करें। साथ ही आपके **महाविद्यालय के प्रतिनिधि की Off White रंग के जोधपुरी सूट में दीक्षान्त समारोह में अनिवार्य रूप** से उपस्थित होवेः–

अतः आपको सूचित कर लेख है कि निम्नांकित रंग में आपके क्षेत्रानुसार महाविद्यालय का नाम व महाविद्यालय का लॉगो (चिन्ह्) अंकित हो झण्डा मय पोल दिनांक 27.11.2019 तक व्यक्तिशः आवश्यक रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें:–

1. नागौर क्षेत्र में स्थित महाविद्यालय – हल्का भूरा (Mud) रंग
2. टोंक क्षेत्र में स्थित महाविद्यालय – केसरिया रंग
3. भीलवाड़ा क्षेत्र में स्थित महाविद्यालय – सफेद रंग
4. अजमेर क्षेत्र में स्थित महाविद्यालय – हल्का लाल रंग

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपना प्रत्युत्तर ई–मेल drconvocationmdsuajmer@gmail.com पर प्रेषित करें।

भवदीय,

सहा.कुलसचिव–दीक्षान्त